an>

Title: Regarding providing basic amenities in the houses made by Life Insurance Tribunal.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : महोदय, पूरे देश में और खास कर मुम्बई शहर के उपनगर बोरीवली और दहिसर में जीवन बीमा प्राधिकरण द्वारा बनायी गयी ईमारतों में न तो पानी की सुविधा है, न वहां स्ट्रीट लाइट है और रास्तों की हालत तो यह है कि पिछले 40 सालों से उनकी मरम्मत नहीं हुई है। उसी इलाके में रहने वाले मुम्बई शहर के मेयर हरेश्वर पाटिल और डॉ. शुभाराउल के बहुत प्रयासों के बावजूद भी जीवन बीमा प्राधिकरण ने इस पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया है। 4 साल पहले बनी हुई एक ईमारत को मुम्बई महानगर पालिका ने स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट में यह कहा है कि बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है, इस प्रकार की स्थिति वहां है। मुझे सांसद बने दस महीने हुए हैं और मैं बार-बार जीवन बीमा प्राधिकरण के अध्यक्ष से सम्पर्क करने के बावजूद भी इसे पूरी तरह से अनदेखा किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जीवन बीमा प्राधिकरण को तुरन्त इस विÂ◌ाय में हस्तक्षेप करने का निर्देश दिया जाए।